भारतीय प्रेस परिषद

पीआरएबी

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

प्रश्न 1. पीआरएबी क्या है?

उत्तर1. प्रेस और पंजीकरण अपील बोर्ड में अध्यक्ष और एक अन्य सदस्य, जिन्हें परिषद के सदस्यों में से नामित किया जाता है, होते हैं ।

प्रश्न 2. पीआरबी का काम क्या है?

उत्तर 2. प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 की धारा 6 के तहत घोषणा को प्रमाणित करने से इनकार करने या धारा 8 (बी) के तहत मौजूदा घोषणा को रद्द करने पर मजिस्ट्रेट / जिला कलेक्टर / संयुक्त आयुक्त लाइसेंसिंग के आदेश से व्यथित व्यक्ति की व्यथा का, अपील प्राधिकारी के रूप में निवारण करना।

Q3. पीआरबी बोर्ड के समक्ष केसे जायें ?

उत्तर 3. अपीलकर्ता प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1867 की धारा 8 (ख) के तहत आक्षेपित आदेश और अन्य सम्बद्ध दस्तावेजों के साथ अपील को उस तारीख से 60 दिनों के भीतर कर सकता है, जिस दिन ऐसे आदेश की सूचना उसे प्राप्त हुई थी। हालाँकि, बोर्ड उक्त अवधि की समाप्ति के बाद भी अपील पर विचार कर सकता है, यदि वह संतुष्ट है कि अपीलकर्ता को समय पर अपील करने से रोकने के पर्याप्त कारण थे। अपील प्राप्त होने पर, अपील बोर्ड संबंधित मजिस्ट्रेट से रिकॉर्ड मांग सकता है और उसके बाद पक्षकारों को सुनवाई का अवसर प्रदान कर सकता है।

Q4. बोर्ड की शक्ति क्या है?

उत्तर 4. प्रेस और पंजीकरण अपील बोर्ड, मामले की जांच करने के बाद, उस आदेश, जिसके खिलाफ अपील की गई थी, की पुष्टि, संशोधन या उसे अपास्त कर सकता है ।

Q5. बोर्ड के निर्णय की सूचना कैसे दें?

उत्तर 5. बोर्ड के आदेश की सूचना पक्षकारों को लिखित/ईमेल/रजिस्टर्ड डाक द्वारा दी जाती है।